राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी

सादर प्रकाशनार्थ :-

जयपुर, 21 सितम्बर। राजस्थान प्रदेश में सर्वाधिक संख्या अन्य पिछड़ा वर्ग की है तथा यह वर्ग हमेशा कांग्रेस पार्टी के पक्ष में रहा है। अन्य पिछड़ा वर्ग के लोग सभी क्षेत्रों में कार्यरत हैं तथा कांग्रेस की सरकार बनाने व देश को मजबूत करने में अन्य पिछड़ा वर्ग का महत्वपूर्ण योगदान रहा है।

उक्त विचार राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्री गोविन्द सिंह डोटासरा ने आज प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय, जयपुर पर राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अन्य पिछड़ा वर्ग विभाग की बैठक को सम्बोधित करते हुये व्यक्त किये। उन्होंने कहा कि अन्य पिछड़ा वर्ग द्वारा कांग्रेस की मजबूती हेतु दिये गये योगदान को सभी कांग्रेस नेता स्वीकारते हैं, इसलिये राजस्थान में अन्य पिछड़ा वर्ग जिसके अधिकांश लोग कृषि से जुड़े हुये हैं को राहत प्रदान करने हेतु कांग्रेस सरकार के गठन के 10 दिवस में कृषकों के सहकारी बैंकों से लिये गये ऋण को माफ करने का निर्णय लिया गया तथा कृषकों को लाभान्वित करने हेतु राजस्थान की कांग्रेस सरकार ने अनेक योजनायें बनाई हैं जिसमें बिजली के बिलों में कृषकों को 12 हजार रूपये प्रतिवर्ष की छूट प्रदान करना महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि राजस्थान सरकार ने कृषि का अलग से बजट प्रस्तुत किया तथा कृषि बजट को दोगुना कर दिया। साथ ही मुख्यमंत्री चिरंजीवी बीमा योजना के तहत् 10 लाख रूपये तक का सभी प्रदेशवासियों को मुफ्त ईलाज प्रदान किया जा रहा है एवं गरीबों को अच्छी शिक्षा प्रदान करने हेतु सरकार ने अंग्रेजी माध्यम के स्कूल प्रदेशभर में खोले हैं। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा जनकल्याणकारी कार्य किये गये जिस कारण सरकार के कार्यकाल के चौथे वर्ष में भी किसी प्रकार की एंटी इनकमबैंसी नहीं है। उन्होंने कहा कि सत्ता एवं संगठन के समन्वय के द्वारा ही अंतिम छोर पर बैठे हुये व्यक्ति को लाभान्वित किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि दो साल से वे स्वयं संगठन का कार्य कर रहे हैं तथा उन्हें सरकार से पूर्ण सहयोग मिला है जिस कारण कांग्रेस पार्टी राजस्थान में मजबूती के साथ कार्य कर रही हे। उन्होंने कहा कि वे स्वयं एनएसयूआई, यूथ कांग्रेस में कार्य करते हुये संगठन में आगे बढ़े तथा विधायक व मंत्री बनने का अवसर मिला। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी द्वारा अन्य पिछड़ा वर्ग को आगे बढ़ने का सम्पूर्ण अवसर दिया जा रहा है जबकि आरएसएस में ओबीसी, एसटी व एससी के लिये कोई बात नहीं करता तथा मोहन भागवत तो आरक्षण समाप्त करने की पैरवी करते हैं। उन्होंने आह्वान किया कि सभी लोग मिलकर पार्टी को और मजबूत करने का कार्य करें क्योंकि कांग्रेस मजबूत होगी तो देश मजबूत बनेगा। उन्होंने कहा कि आजादी के पश्चात् कांग्रेस के महान् नेताओं पं. जवाहरलाल नेहरू, पूर्व प्रधानमंत्री स्व. श्रीमती इंदिरा गाँधी, स्व. श्री राजीव गाँधी, स्व. श्री पी. वी. नरसिम्हा राव, डॉ. मनमोहन सिंह ने

2........

Created by Universal Document Converter

जनकल्याणकारी फैसले लिये तथा देश में आज खाद्य सुरक्षा योजना, मनरेगा, मुफ्त शिक्षा हेतु आरटीई, भ्रष्टाचार समाप्त करने हेतु आरटीआई जैसे कानून कांग्रेस के शासन के दौरान ही लाये गये, जबकि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के शासन में नोटबंदी एवं गलत ढंग से जीएसटी लागू करने जैसे निर्णय लिये गये जिसके फलस्वरूप सर्वाधिक नुकसान अन्य पिछड़ा वर्ग के लोगों को उठाना पड़ा, क्योंकि यही वर्ग कृषि एवं छोटे उद्योगों से जुड़ा हुआ है।

श्री डोटासरा ने कहा कि आज केन्द्र का सत्ताधारी दल भाजपा समाज को बांटने का कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में भाजपा द्वारा अन्य पिछड़ा वर्ग सम्मेलन आयोजित किया गया जिसमें मुख्य अतिथि केन्द्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह ने केन्द्रीय मंत्री श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत को अपने साथ रखा, किन्तु अन्य पिछड़ा वर्ग के नेताओं को मंच तक पर जगह नहीं दी गई। उन्होंने कहा कि जब मोदी सरकार के 8 वर्ष की समीक्षा की जाती है एवं पूर्ववर्ती यूपीए सरकार के 10 वर्षों के शासनकाल में लिये गये फैसलों की तुलना करते हैं तो स्पष्ट हो जाता है कि यूपीए सरकार के समय गरीब व पिछड़ों को मजबूत करने वाले फैसले लिये गये। उन्होंने कहा कि मोदी शासन में एक फैसला ऐसा नहीं लिया गया जिससे अन्य पिछड़ा वर्ग लाभान्वित होता हो, बल्कि किसानों को बर्बाद करने हेतु तीन काले कृषि कानून लागू करने का निर्णय मोदी सरकार ने लिया था। उन्होंने कहा कि अन्य पिछड़ा वर्ग के प्रति कांग्रेस पार्टी की हमेशा से सकारात्मक सोच रही है जबकि भाजपा की इस वर्ग के प्रति नकारात्मक सोच रही है। उन्होंने बैठक में उपस्थित सभी नेताओं एवं कार्यकर्ताओं को आस्थावान कांग्रेस कार्यकर्ता बताते हुये पार्टी की विचारधारा को आगे बढ़ाने हेतु कार्य करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि पार्टी ने अन्य पिछड़ा वर्ग से राजस्थान प्रदेश में निगम/बोर्डों में अनेक नियुक्तियां प्रदान की है तथा विधायक व सांसद बनने का अवसर प्रदान किया है। उन्होंने कहा कि सभी कांग्रेसजन मिलकर प्रदेश की कांग्रेस सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का प्रचार-प्रसार जनता के बीच जाकर करे तथा इन योजनाओं का लाभ सभी को मिले सुनिश्चित किया जाये। उन्होंने कहा कि सभी कांग्रेसजन एकजुटता के साथ 2023 में पुनः कांग्रेस की सरकार प्रदेश में बनाने हेतु जुट जायें।

बैठक की अध्यक्षता राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अन्य पिछड़ा वर्ग विभाग के प्रदेशाध्यक्ष श्री हरसहाय यादव ने की तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में अन्य पिछड़ा वर्ग विभाग के नेशनल कोर्डिनेटर श्री अत्तर सिंह सैनी एवं को-कोर्डिनेटर श्री भरत सिंह तोमर उपस्थित रहे।

(स्वर्णिम चतुर्वेदी)

प्रवक्ता

मो. 9414074197

Created by Universal Document Converter